# 6 तहसीलदारों को नोटिस, 8 ऑपरेटर बर्खास्त

## कलेक्टर ने की बड़ी कार्यवाही : गेहूं उपार्जन में अनियमितता पर समिति प्रबंधकों पर भी गिरी गाज

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 04 जुलाई, का. रबी विपणन वर्ष 2026-27 के गेहूं उपार्जन के दौरान किसान पंजीयन एवं सत्यापन प्रक्रिया में अनियमितताएं पाए जाने पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है. जांच प्रतिवेदनों के परीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि कुछ प्रकरणों में किसान पंजीयन नीति के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया तथा भूमि अभिलेखों एवं आधार कार्ड में दर्ज नामों की विसंगति के बावजूद सत्यापन कर पंजीयन स्वीकृत कर दिया गया. इसके परिणामस्वरूप अपात्र अथवा अन्य व्यक्तियों के रकबे के आधार पर गेहूं उपार्जन किए जाने से शासन को आर्थिक क्षति पहुंचने की स्थिति निर्मित हुई.**

जांच में पाया गया कि किसान पंजीयन नीति के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार केवल उन्हीं किसानों का पंजीयन किया जाना था, जिनके भूमि अभिलेख एवं आधार कार्ड में दर्ज नाम समान हों. वहीं नामों में विसंगति होने की स्थिति में तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर विधिवत सत्यापन के उपरांत ही पंजीयन मान्य किया जाना था. संबंधित प्रकरणों में इन प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया. जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है.

### कार्यवाही में पूर्व तहसीलदार भी शामिल



पेक्स खांडियापुरा के समिति प्रबंधक ओमप्रकाश रजावत, कंप्यूटर ऑपरेटर अरविंद यादव तथा तत्कालीन तहसीलदार सुठालिया दोजीराम अहिरवार को प्रथम दृष्टया उत्तरदायी मानते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं . इसके अतिरिक्त पेक्स आसारेटा पंवार के कंप्यूटर ऑपरेटर प्रीतमसिंह, पेक्स बकोरा के कंप्यूटर ऑपरेटर कोमल प्रसाद दांगी, पेक्स हराना के कंप्यूटर ऑपरेटर मनोहरलाल तथा पेक्स उदनखेड़ी के कंप्यूटर ऑपरेटर भगवानसिंह राजपूत को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की गई है . इसी प्रकार पेक्स आसारेटा पंवार के समिति प्रबंधक लखनसिंह परमार, पेक्स बकोरा के समिति प्रबंधक राधेश्याम दांगी, पेक्स हराना के समिति प्रबंधक कालूराम गोस्वामी, पेक्स उदनखेड़ी के समिति प्रबंधक मोहनलाल चौरसिया सहित संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटरों को भी तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है . साथ ही तत्कालीन तहसीलदार ब्यावरा सुभाष अलावे, तहसीलदार राजगढ़ अनिल शर्मा तथा तहसीलदार खुजनेर निरंजन पांडे को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं .

## एक नजर में

### पूर्व विधायकों ने किया पुस्तक का विमोचन



**राजगढ़ 04 जुलाई, का.** साइबर फॉरेंसिक विशेषज्ञ एवं साइबर सलाहकार इंजी. शकील अंजुम की पुस्तक साइबर अपराध एवं सुरक्षा कानून का शनिवार को पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पूर्व विधायक हरिचरण तिवारी द्वारा विमोचन किया गया. पुस्तक में साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल सुरक्षा, साइबर कानून और आम नागरिकों के लिए आवश्यक सावधानियों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है. इस अवसर पर एसडीओपी अरविंद सिंह राठौर सहित विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया. संचालन शाहीद प्रहरी ने किया, जबकि आभार शकील अंजुम ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका अनीसा अंजुम का भी सम्मान किया गया.

### फरार वारंटी को किया गिरफ्तार



**ब्यावरा 04 जुलाई, का.** महिला संबंधी अपराध में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा. थाना लीमा चौहान पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है. 06 माह से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया. जानकारी अनुसार एससी/एसटी एक्ट में जारी स्थाई वारंट के तहत आरोपी सुरेश पिता हरिनारायण प्रजापति उम्र 38 साल निवासी ग्राम लीमा चौहान थाना लीमा चौहान जो 06 माह से फरार चल रहा था. आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में कई बार प्रयास किए गए, किंतु वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचते रहे. थाना प्रभारी लीमा चौहान द्वारा विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया. सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश दी एवं आरोपी को लीमाचौहान से गिरफ्तार कर लिया. उक्त वारंटी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया.

### हस्ताक्षर अभियान चलाया



**सुठालिया 04 जुलाई,सं.** जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देशानुसार शनिवार को पीजी कॉलेज सुठालिया एवं पीएम श्री स्कूल सुठालिया में पेपर लीक के विरुद्ध तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की माँग को लेकर सच्चाई की माँग हस्ताक्षर अभियान किया गया. इसी अभियान के अंतर्गत 7 जुलाई को शाम 6 बजे अग्रवाल धर्मशाला में सच्चाई का मंच कार्यक्रम में अधिक संख्या में छात्र- छात्राओं से शामिल होने की अपील एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं ने की . उक्त मौके पर बड़ी संख्या में एनएसयुआई कार्यकर्ता, पुर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी उपस्थित रहे.








